>

Title: Need to construct railway under-bridges at Thagra Nahar railway crossing on Durg-Bhilai border and at Maroda railway crossing in Bhilai city, in Chhattisgarh.

कुमारी सरोज पाण्डेय (दुर्ग): छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग और भिलाई की सीमा पर स्थित ठगड़ा नहर रेलवे क्रासिंग एवं भिलाई शहर में स्थित मरोदा रेलवे क्रासिंग से भारी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। इन क्रासिंग से एक दिन में न्यूनतम 30 बार सवारी एवं मालगाड़ी गुजरती है एवं इतनी बार रेलवे क्रासिंग बंद होने से लोगों को आवागमन में भारी असुविधा होती है।

यदि उक्त दोनों क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण किया जाये तो यह उस क्षेत्र की जनता के लिए सुविधा होगी, जिससे न सिर्फ उनके समय की बचत होगी बल्कि विकास के नये आयाम भी इस क्षेत्र के लिए खुलेंगे।